वर्ष- 02 अंक- 176
छपरा
20 मई मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



### श्रीलंकाई नागरिक की याचिका खारिज

# 'भारत कोई धर्मशाला नहीं है, हम खुद 140 करोड़ हैं'

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शरणार्थियों को लेकर अहम टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, दुनिया भर से आए शरणार्थियों को भारत में शरण क्यों दें? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। हम हर जगह से आए शरणार्थियों को शरण नहीं दे सकते। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता ने श्रीलंका से आए तमिल शरणार्थी को हिरासत में लिए जाने के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए यह बात कही।

शीर्ष अदालत में श्रीलंका के एक नागरिक की हिरासत के खिलाफ याचिका दाखिल की गई थी, लेकिन कोर्ट ने याचिका पर दखल देने से इनकार कर दिया। पीठ मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें निर्देश दिया गया था कि याचिकाकर्ता को UAPA मामले में लगाए गए 7 साल की सजा पूरी होते ही तुरंत भारत छोड़ देना चाहिए। श्रीलंका के याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह एक श्रीलंकाई तमिल हैं, जो वीजा पर यहां आया था। अपने देश में उसने जान को खतरा बताया था। याचिकाकर्ता बिना किसी निर्वासन प्रक्रिया के लगभग तीन वर्षों से नजरबंद है।

जस्टिस दत्ता ने पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? वकील ने दोहराया कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि अनुच्छेद-19 के अनुसार, भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल नागरिकों को ही प्राप्त है। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपने देश में जान का खतरा है, तो जस्टिस दत्ता ने कहा कि किसी दूसरे देश में चले जाइए।

बता दें, साल 2015 में याचिकाकर्ता को दो अन्य लोगों के साथ LTTE ऑपरेटिव होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। साल 2018 में याचिकाकर्ता को UAPA की धारा-10 के तहत अपराध के लिए ट्रायल कोर्ट द्वारा दोषी ठहराया गया था और उसे दस साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। मद्रास हाई कोर्ट ने साल 2022 में उसकी सजा को घटाकर साल साल कर दिया था, लेकिन निर्देश दिया कि उसे अपनी सजा के तुरंत बाद भारत छोड़ना होगा और भारत छोड़ने तक शरणार्थी शिविर में रहना चाहिए।

## स्टेशन पर थूकने और कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ रेलवे सख्त

### काटे चालान; तीन महीने में वसूले 32 लाख



**कोलकाता,एजेंसी।** रेलवे स्टेशनों पर गंदगी फैलाने वालों पर लगाम लगाने के लिए रेलवे प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। पूर्व रेलवे (ईआर) ने साल 2025 के शुरूआती तीन महीनों में विभिन्न रेलवे स्टेशन परिसरों में थूकने वाले लोगों से 32 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला है।

रेलवे अधिकारी ने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 तक विभिन्न स्टेशन परिसरों में थूकने और कूड़ा फैलाने के लिए कुल 31,576 व्यक्तियों को दंडित किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों से जुर्माने के रूप में 32,31,740 रुपये वसूल किये गए।

अधिकारी ने कहा, इन उपायों का उद्देश्य न केवल अनुशासन लागू करना है, बल्कि व्यवहार में दीर्घकालिक परिवर्तन लाना भी है। पूर्व रेलवे का मुख्यालय कोलकाता में है। इसने कहा कि वह स्टेशन परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करने और अपने पूरे नेटवर्क में रेल पटरियों को कचरा मुक्त बनाए रखने के लिए वह ठोस प्रयास कर रहा है।

# सेना बोली- पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल को निशाना बनाया था

### ऑपरेशन सिंदूर के लिए बने सांसदों के डेलिगेशन में शामिल नहीं होंगे यूसुफ पठान



**नई दिल्ली/श्रीनगर,एजेंसी।** भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। इसे भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था। सेना के जवानों ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा भी दिखाया। वहीं पंजाब में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात एक जवान ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने अचानक फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। जिसे हमने नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह होते-होते दुश्मन घुटनों के बल पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा फहरा दिया।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने एक और नया वीडियो जारी किया। इसमें सेना ने दिखाया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे गए ड्रोन को कैसे मार गिराया। वेस्टर्न कमांड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- हमने जमीन से आसमान की रक्षा की।

जम्मू-कश्मीर में शोपियां के डीके पोरा इलाके में आर्मी और CRPF ने जॉइंट ऑपरेशन में आतंकियों की मदद करने वाले दो सहयोगियों को अरेस्ट किया है। इनके पास से दो पिस्तौल, चार ग्रेनेड, 43 कारतूस बरामद किए गए। इधर, तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का संदेश देने जाने वाले डेलिगेशन के साथ जाने से मना कर दिया है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि टीएमसी तय करेगी कि उनकी तरफ से डेलिगेशन में कौन जाएगा। केंद्र सरकार या भाजपा नहीं।

### विदेश सचिव ने संसदीय समिति को ब्रीफ किया

## ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी, थरूर मौजूद रहे; 33 देशों में ऑल पार्टी डेलिगेशन भेज रही सरकार



**नई दिल्ली,एजेंसी।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर संसदीय समिति को ब्रीफ किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयरस्ट्राइक और 10 मई को हुए भारत-पाकिस्तान सीजफायर सहमति की पूरी जानकारी दी। बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और बीजेपी की अपराजिता सारंगी व अरुण गोविल जैसे कई सदस्य मौजूद रहे। केंद्र सरकार ने 59 सदस्यों वाले 7 डेलिगेशन (ग्रुप) की घोषणा की है। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत हैं। NDA के 31 और 20 दूसरे दलों के हैं, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के सदस्य देशों का दौरा करेगा। वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख रखेगा। दरअसल, भारत ने 23 मिनट के ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसमें 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए गए थे। इसके बाद के एक्शन में पाकिस्तानी एयरबेसों को निशाना बनाया था। 10 मई की शाम 5 बजे भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने X पर इसका ऐलान किया था।

## यूट्यूबर ज्योति एनआईए हिरासत में, टेरर कनेक्शन में पूछताछ होगी



**हिसार,एजेंसी।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने हिरासत में ले लिया है। NIA की टीम सोमवार को ज्योति से पूछताछ करने हिसार पहुंची थी। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर चंडीगढ़ ले गई। अब ज्योति से टेरर लिंक को लेकर पूछताछ की जाएगी। इसके साथ जम्मू इंटेलिजेंस भी यूट्यूबर से पूछताछ करेगी। इससे पहले यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट बैन कर दिया गया। उसके 1.39 लाख फॉलोअर्स थे। रविवार, 18 मई की रात को भी हिसार पुलिस ज्योति के घर पहुंची थी। वहां छानबीन कर कुछ दस्तावेज जब्त किए गए हैं। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने बताया है कि पुलिस कपड़े और ज्योति का सामान ले गई। हिसार पुलिस की जांच में यह भी पता चला है कि ज्योति पहलगाम हमले से पहले कश्मीर गई थी। वह पहलगाम, गुलमर्ग, डल लेक, लद्दाख की पैंगॉन्ग लेक तक गई थी।

### कांग्रेस बोली- सिंदूर से सौदा और देश से गद्दारी नामंजूर

## एयरस्ट्राइक से पहले पाक को अलर्ट करना पाप, केंद्र बोला- ये सरासर गलत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने भाजपा को सिंदूर का सौदागर कहा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प दावा करते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाया। भारत को व्यापार बंद करने की धमकी दी। यानी सिंदूर का सौदा होता रहा और पीएम चुप रहे।

इसके साथ ही खेड़ा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से राहुल गांधी के सवाल दोहराए। उन्होंने कहा- विदेश मंत्री ने स्वीकारा है कि उन्होंने एयर स्ट्राइक से पहले पाकिस्तान को जानकारी दे दी थी। अब सरकार बताए, इस वजह से हमने कितने विमान गंवाए। ये कोई गलती नहीं थी, ये एक अपराध था, पाप था। देश का सच्चाई जानने का हक है। इधर, राहुल के आरोपों पर विदेश मंत्रालय ने जवाब देते हुए कहा, %विदेश मंत्री ने कहा था कि ऑपरेशन की शुरुआत में पाकिस्तान को चेतावनी दी थी। इसे अब ऐसे पेश किया जा रहा है, जैसे ऑपरेशन से पहले उन्हें जानकारी दी गई हो। तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। हम इसका विरोध करते हैं। गुस्सा हम सबके दिलों में है। हमारे सैनिक पराक्रम दिखाकर पाकिस्तान को घुटने पर ले आते हैं। अचानक डोनाल्ड ट्रम्प आते हैं और कहते हैं- सीजफायर। टीवी चैनल हम सबमें जोश भरते हैं कि इस्लामाबाद कब्जे में आ रहा है, कराची पर हमला हो गया है, लेकिन बीच में डोनाल्ड ट्रम्प आ जाते हैं और मोदी चुप हैं।

**पवन खेड़ा ने मोरारजी-जिया की बातचीत का जिक्र किया, कहा- वो पाप था, आज भी पाप हुआ**-पवन खेड़ा ने कहा कि जनता पार्टी, जनसंघ ने मिलकर मोरारजी देसाई (1977-79) को प्रधानमंत्री बनाया था। ये रिकॉर्डेड हिस्ट्री है, हवाबाजी या वॉट्सएप यूनिवर्सिटी की बात नहीं है। मोरारजी देसाई ने जिया-उल-हक (पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति) को फोन पर कहा कि हमें RAW ने बताया है कि आपकी कहूटा में क्या न्यूक्लियर तैयारी चल रही है। पाकिस्तान में हमारा जो इन्फ्रास्ट्रक्चर था, हमारे जो कैंप्स थे, मोरारजी ने सारा डिटेल जिया-उल-हक को बता दिया। इसके बाद कुछ दिनों में हमने पाकिस्तान में RAW के कई लोग गंवा दिए। उनको या तो पाकिस्तान ने गायब कर दिया या मार दिया, हमें नहीं पता। हमारी दशकों की मेहनत को मोरारजी ने जिया को किए एक फोन ने खत्म कर दी। इसलिए मैं कहता हूं कि इनका मुखबिरी का इतिहास है। ये (विदेश मंत्री जयशंकर) मोरारजी देसाई है।

## सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर फिर विवादों में यूट्यूबर ध्रुव राठी, एसजीपीसी ने जताई आपत्ति



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर विवादों में घिर गए हैं। राठी ने एक द राइज ऑफ सिख शीर्षक से एक एआई वीडियो जारी किया है। जिसमें सिख योद्धाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो की कड़ी निंदा की है। बवाल के बाद यूट्यूबर ध्रुव राठी ने अपने चैनल से वीडियो को हटा लिया। हरियाणा के रहने वाले यूट्यूबर ध्रुव राठी (फिलहाल जर्मनी में रहते हैं) ने द सिख वॉरियर हू टेरिफाईड द मुगल शीर्षक से एक वीडियो बनाया है। इसमें उन्होंने सिखों को लेकर एआई से बनाए हुए कुछ विजुअल भी शामिल किए हैं। इसे लेकर सिख समुदाय के लोग आपत्ति जता रहे हैं। सिख समुदाय के लोग इसे सिख धर्मगुरु का अपमान बता रहे हैं।

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने वीडियो की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार के चित्रण सिख रहत मर्यादा का उल्लंघन करते हैं, जो गुरु साहिबान के दृश्य रूप में प्रदर्शन पर रोक लगाती है और इससे सिख समुदाय की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं।

# हाईकोर्ट ने संभल जामा मस्जिद सर्वे को सही ठहराया

### सर्वे रोकने की मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज; कहा- हिंदू पक्ष का केस सुनने योग्य है




**प्रयागराज/संभल,एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी के संभल की जामा मस्जिद के सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की उस सिविल रीवीजन याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सर्वे पर रोक की मांग की गई थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच ने सोमवार को यह आदेश दिया।

कोर्ट ने कहा- अब तक इस मामले में जो भी कार्रवाई हुई, वह सही है। हम कोर्ट कमिश्नर सर्वे में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल केस सुनने योग्य हैं। कोर्ट कमीशन सर्वे और दाखिल वाद पहले की तरह जारी रहेगा। यानी, जामा मस्जिद है या मंदिर इसका मुकदमा भी संभल की लोअर कोर्ट (दीवानी अदालत) में चलता रहेगा। दरअसल, हिंदू पक्ष की याचिका पर संभल कोर्ट ने 19 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद के एडवोकेट कमिश्नर सर्वे का आदेश दिया। उसी शाम टीम सर्वे के लिए पहुंच गई थी। रात होने के कारण सर्वे पूरा नहीं हो पाया था। 5 दिन बाद यानी 24 नवंबर को दोबारा सर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर और ASI टीम पहुंची थी।

## जस्टिस ओका बोले- फैसलों के अनुवाद के लिए सुप्रीम कोर्ट ने की पहल, न्याय तक पहुंच होगी आसान

**ठाणे,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने मूल रूप से अंग्रेजी में दिए फैसलों को प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद की एक अहम पहल शुरू की है, जिसका मकसद न्याय को लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना है। शीर्ष कोर्ट के जज जस्टिस अभय एस. ओका ने सोमवार को यह बात कही। जस्टिस ओका ठाणे के विद्या प्रसारक मंडल के टीएमसी लॉ कॉलेज के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा, पिछले तीन वर्षों में हजारों फैसलों का देश की कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। टीएमसी लॉ कॉलेज की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में जस्टिस ओका के हवाले से कहा गया, महाराष्ट्र की जिला अदालतों में बीते तीस वर्षों से मराठी में काम हो रहा है।

# बेंगलुरु में 4 इंच बारिश- गाड़ियां डूबीं, घरों में पानी

### दीवार गिरने से महिला की मौत; जयपुर में आईपीएल देखने पहुंचे दर्शक गर्मी के चलते लौटे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** बेंगलुरु में रविवार को तेज बारिश हुई। यहां 110 मिमी. से ज्यादा बारिश होने से सड़कों और घरों में पानी भर गया। कई इलाकों में गाड़ियां डूब गईं और वाटर लॉगिंग वाले इलाकों से लोगों को रेस्क्यू करना पड़ा।

बेंगलुरु के महादेवपुरा इलाके में दीवार गिरने से 35 साल की महिला की मौत हो गई है। रेस्क्यू टीम ने बताया- बीती रात की भारी बारिश के बाद दीवार की नींव कमजोर हो गई, जिससे हादसा हुआ।

मौसम विभाग ने बेंगलुरु में आज और कल भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किमी की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। बारिश का दौर इस हफ्ते के आखिर तक जारी रह सकता है।

## राजस्थान में तेज गर्मी, एमपी में लू का अलर्ट

राजस्थान में तेज गर्मी का दौर जारी है। रविवार को जयपुर के स्स्रू- स्टेडियम में IPL मैच देखने पहुंचे दर्शक गर्मी की वजह से लौट गए। आज भी प्रदेश में यहीं मौसम बना रह सकता है। वहीं, मध्य प्रदेश में लू का अलर्ट जारी किया गया है। इधर, बिहार और कश्मीर में रविवार को आंधी और बिजली गिरने की वजह से 8 लोगों की मौत हो गई। बिहार में 5 की मौत बिजली गिरने और एक महिला की मौत पेड़ गिरने से हुई। वहीं, कश्मीर के शोपियां जिले के बेहक गडर गांव में पेड़ के नीचे दबकर पिता और बेटी की मौत हो गई। मौसम विभाग ने सोमवार को MP-झारखंड समेत 14 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नाथूला में तैयारी अंतिम चरण में, अगले महीने से होगी शुरू



**नाथुला पास,एजेंसी।** कोविड-19 महामारी के चलते 2019 में बंद हुई कैलाश-मानसरोवर यात्रा अगले महीने से नाथुला के रास्ते फिर होने जा रही है। यात्रा को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं यात्रा को लेकर तैयारियां भी जोरों पर हैं। इस बाबत सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर यात्रा का मार्ग दुरुस्त किया जा रहा है। यहां तैयारियां अंतिम चरणों में है। इसमें बुनियादी ढांचे का विकास भी शामिल है।

नाथुला में जारी निर्माण कार्यों के श्रम प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मार्ग के किनारे दो अनुकूलन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। एक 16वें मील (10,000 फीट) पर और दूसरा कुपुप रोड (14,000 फीट) के किनारे हंगू झील के पास। हर केंद्र में दो पांच-बिस्तर वाली और दो दो-बिस्तर वाली इमारतें होंगी। साथ ही इनमें तीर्थयात्रियों के लिए एक चिकित्सा केंद्र, कार्यालय, रसोई और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इन अनुकूलन केंद्रों के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण का काम अगले चार से पांच दिनों में पूरा होने की उम्मीद है। इनमें कुल 50-60 लोग रह सकेंगे।

कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होने का यहां के स्थानीय निवासियों और 2016 की यात्रा में भाग लेने वाले आईके रसैली ने फिर से खुलने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन फिर से शुरू होगा और इससे स्थानीयों की आजीविका में सुधार होगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए सिक्किम मार्ग अपनी अच्छी सड़क कनेक्टिविटी के कारण सबसे सुरक्षित और सबसे सुलभ बना हुआ है। काबी लुंगचोक के विधायक थिनले शेरिंग भूटिया ने भी सिक्किम के रास्ते यात्रा को फिर से खोलने की पहल का स्वागत किया है। इसके लिए उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों का आभार व्यक्त किया। भूटिया ने कहा कि सिक्किम शांतिपूर्ण राज्य है, जहां आतंकवादी गतिविधियों का कोई इतिहास नहीं है। इसके चलते यह मानसरोवर तीर्थयात्रियों के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग साबित हो रहा है। उन्होंने आगे आश्वासन दिया कि यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग पर शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। गौरतलब है कि मानसरोवर यात्रा के लिए नाथुला मार्ग को फिर से खोलने की मांग सिक्किम के राज्यसभा सांसद डी.टी. लेप्चा ने संसद में उठाया था, जिसके बाद भारत सरकार और सिक्किम सरकार के बीच समन्वित प्रयास किए गए। नाथुला के रास्ते यात्रा को फिर से शुरू करने से न केवल तीर्थयात्रियों को राहत मिलेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा इस बार खर्च भी बढ़ा

30 जून से शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए यात्रियों को 2019 के मुकाबले में ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। इस बार चीन प्रति याद्धी 17 से 20 हजार रुपये तक ज्यादा शुल्क वसूल कर रहा है। उत्तराखंड के लिपुलेख के रास्ते यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 1.84 लाख रुपये खर्च होंगे। हालांकि इसमें से 95 हजार रुपये चीन का शुल्क होगा। 2019 में 1.30 लाख रुपये के खर्च में 77 हजार रुपये प्रति यात्री शुल्क चीन ने वसूला था। वहीं नाथू ला से यात्रा करने पर चीन प्रति यात्री 2.05 लाख रुपये वसूल करेगा। इस मार्ग से यात्रा पर कुल खर्च 2.84 लाख रुपये आएगा। दोनों मार्गों से 17000 से 25000 रुपये तक खर्चा बढ़ा है।

## सुतिहार बथानी में गायत्री यज्ञ का आयोजन, आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हुआ गांव

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)**प्रखंड के सुतिहार बथानी गांव में सोमवार को डेरनी स्थित ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम, गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में एक दिवसीय एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यज्ञ का नेतृत्व कौशल्या देवी ने किया, जबकि मुख्य यजमान के रूप में चंदन कुमार शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवंदना और मातृवंदना से हुई। इसके उपरांत साधनादिपवित्रिकरण, मंगलाचरण, षट्कर्म, कलश पूजन, गुरु व गायत्री आवाहन, सर्वदेव नमस्कार व स्वास्तिवाचन के पश्चात अग्नि प्रज्ज्वलन कर विधिवत आहुतियां समर्पित की गईं। समस्त कार्यक्रम वैदिक विधि-विधान से सद्गुरु मुकेश ऋषि द्वारा संपन्न कराया गया।इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए मुकेश गुप्ता ने कहा, ÷मानव जीवन महान है। यही काया राम और कृष्ण जैसी दिव्य आत्माओं का माध्यम बनी है। इसीलिए देवसंस्कृति अद्भुत और प्रेरणादायक है।÷ उन्होंने कहा, ÷देवसंस्कृति के आधार स्तंभ यज्ञ और गायत्री हैं। इनके माध्यम से मनुष्य की समस्त कामनाएं पूर्ण होती हैं।÷महायज्ञ में श्री राम सरेख राय, शशि कुमार, सन्नी कुमार, शिवांश कुमार, रींकी देवी, दिना देवी, शानवी कुमारी, अमर कुमार राय, सरिता देवी, अजय राय, निर्मल देवी, विजय राय, अनिता देवी, सुनीता देवी, ललिता देवी, लालो देवी, धनपति देवी, सुपन राय, मंजू देवी, मीना देवी, कुसुम देवी, चंपा देवी, प्रियंका कुमारी, काजल कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रियांशु कुमारी सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।पूरा गांव इस अवसर पर आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिभाव से ओतप्रोत हो गया। यज्ञ के समापन पर सामूहिक प्रार्थना और प्रसाद वितरण हुआ।

## 20 से 24 मई तक हड़ताल पर रहेंगी आशा कार्यकर्ता

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी के पोषक क्षेत्र में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा 20 से 24 मई तक हड़ताल पर रहने की घोषणा की गयी हैं। आशा कार्यकर्ताओं में सरोज देवी, रम्भा देवी, चंदा देवी, आनिता समेत अन्य ने यह जानकारी दी। आशा सरोज देवी ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं की विभिन्न मांगों को लेकर 20 से 24 मई तक हड़ताल की घोषणा की गयी हैं जिसमें सभी पुरजोर तरीके से शामिल होंगी और अपनी मांगों के लिए लड़ेगी। सभी ने कहां कि 2023 के एक महीने चलें हड़ताल में जो मांगे सरकार के द्वारा पूरा करने की घोषणा की गयी वह भी अब तक लागू नहीं की गयी। जिससे आशा कार्यकर्ताओं ने खासी नाराजगी हैं।

## मशरक में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान का हुआ स्वागत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का मशरक के महावीर चौक पर भव्य स्वागत किया गया। वे सड़क मार्ग से सिवान से पटना जा रहे थे। स्वागत करने वालो में पार्टी के लोजपा संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह, भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता, बीजेपी के वरिष्ठ नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय सहित दर्जनों एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल थे।

## एकमा में जन सुराज की बिहार बदलाव यात्रा को लेकर पीके की जनसभा 22 को, तैयारियां तेज

**दैनिक खोज खबर/एकमा।** जन सुराज की बिहार बदलाव यात्रा के तहत 22 मई की संध्या पांच बजे एकमा प्रखंड के आमडाढ़ी कर्णपुरा स्थित लक्ष्मी ब्रह्म बाबा मैदान में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की एक महत्वपूर्ण जनसभा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर जन सभा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। वहीं इसे लेकर स्थानीय जनमानस में उत्साह का माहौल है। सोमवार को लक्ष्मी ब्रह्म बाबा स्थान परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी जन सुराज के सारण जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, एकमा विधानसभा के संभावित प्रत्याशी विकास कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार गिरि, महासचिव रामनाथ मांझी आदि ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि बिहार में बदलाव की आकांक्षा को आवाज देने का मंच भी है। जनसुराजी नेताओं ने बताया कि प्रशांत किशोर की यह यात्रा लोकनायक जयप्रकाश नारायण के अधूरे सपनों को पूरा करने की दिशा में एक संकल्प है। उनका कहना है कि जेपी आंदोलन के बाद सत्ता में आए नेता वादों को भूल गए, जिसका परिणाम है कि बिहार आज भी पिछड़ेपन से जूझ रहा है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में आयोजित जन सुराज के कार्यक्रम को प्रशासन ने बाधित करने की कोशिश की थी। अब प्रशांत किशोर गांव-गांव जाकर आमजन से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान यह भी कहा गया कि यह यात्रा शिक्षा, रोजगार, व्यवस्था व सुशासन जैसे मुद्दों को लेकर बिहार में नई सोच को जन्म देगी।इस अवसर पर जन सुराज के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार गिरि, महासचिव रामनाथ मांझी, राजीव रंजन कुमार सिंह, अनुमंडल सचिव रामजी सिंह, चंचल सिंह, अर्जुन सिंह, श्रीकांत सिंह, मनु कुमार सहित संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ऑटो चालक को नशीला पदार्थ पिलाने का आरोप, हालत नाजुक

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के एकमा चट्टी निवासी अरुण कुमार (37), पिता रामचंद्र महतो, के साथ रविवार की रात एक संदिग्ध घटना घटी। वे शाम 7 बजे अपने ऑटो वाहन से एकमा से सवारियों को लेकर सिवान के लिए रवाना हुए थे। रात लगभग 9 बजे तरवारा मोड़ के पास सवारियों को उतारने के दौरान उन्हें शीतल पेय पदार्थ में नशीला तत्व मिलाकर पिला देने का आरोप है।वापसी के दौरान अरुण कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। गंभीर हालत में एकमा पहुंचने पर परिजनों द्वारा रात करीब 2ः30 बजे उन्हें एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. इरफान अहमद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है।इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। परिजन व स्थानीय लोग इसे साजिश मान रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में पुलिस द्वारा कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## डाकघर में बंद पड़े आधार केंद्र को खोलने की मांग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न डाकघरों में आधार केंद्र या तो बंद हैं अथवा अभी तक चालू ही नहीं हो पाए हैं। कुछ स्थानों पर आधार केंद्र केवल कागज़ों में ही संचालित दर्शाए जा रहे हैं। इसके कारण लोगों को आधार कार्ड बनवाने एवं उसमें सुधार कराने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

अनुमंडल क्षेत्र के नागरिकों ने इस समस्या को लेकर सोनपुर विधायक डॉ रामानुज प्रसाद से शिकायत की। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डॉ रामानुज प्रसाद ने बिहार परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल एवं भारत सरकार के संबंधित मंत्री से मामले की शिकायत की है।सोनपुर विधायक डॉ रामानुज प्रसाद द्वारा चीफ पोस्टमास्टर जनरल पटना को सोमवार को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र में सोनपुर मुख्य डाकघर के अलावा, सोनपुर आरएस नयागांव, सीतलपुर, दिघवारा, बसंत, सूतिहार, नारांव आदि उपडाकघर स्थित हैं। पूर्व में इन मे से कई उप डाकघरों में आधार कार्ड से संबंधित सेवाएं उपलब्ध थीं, किंतु वर्तमान में अधिकांश केंद्र बंद हो चुके हैं। या पेपर पर चल रहे हैं।आधार केंद्रों के बंद होने के कारण आम लोगों को इस चिलचिलाती धूप में आधार कार्ड बनवाने अथवा उसमें संशोधन के लिए छपरा मुख्यालय अथवा अन्यत्र जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें परेशानीयों का सामना करना पड़ रही है। डॉ रामानुज प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों तथा मंत्री से आग्रह किया है कि वे इस मामले का संज्ञान लेते हुए बंद पड़े सभी उपडाकघरों में आधार केंद्रों को शीघ्र पुनः संचालित कराएं।

### पीआर कॉलेज के विद्यार्थियों ने सारण सांसद, विधायक व कुलपति का किया पुतला दहन

# विद्यार्थियों के भविष्य से सरकार कर रही खिलवाड़, शिक्षा नहीं डिग्रियां बांट रही: छात्र नेता यशवंत



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के एकमात्र डिग्री कॉलेज कूटनीति राजनीतिक के शिकार होने के कारण रेलवे प्रशासन ने पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय क़े विधार्थियो के भविष्य को नजर अंदाज करते हुए अपने भूमि में चल रही रेलवे कॉलेज को शील कर दिया। स्नातक सेशन 23-27 क़े विधार्थी जिसका परिक्षा का फॉर्म भरने का तिथि घोषित किया गया था जब वह कॉलेज पहुंचा सोमवार को तो देखा कि कॉलेज के सारे शिक्षक और कर्मचारी गायब है विद्यार्थियों ने जब प्रिंसिपल व शिक्षक को फोन किया गया तो उन्होंने कहां कि कॉलेज को शील कर दिया गया है हम कैसे फार्म भरवा सकते हम कुछ नही कर सकते । इस पर आक्रोशित विद्यार्थियों ने सुबह 10 बजे से 1 बजे तक कोई सुनवाई नहीं हुआ उसक़े बाद छात्र छात्राएं ने गुस्से में आकर स्थानीय विधायक डॉ रामानुज प्रसाद, सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी और कुलपति का पुतला दहन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारवाजे करते हुए छात्र -छात्राएं का कहना है। जब हमारे लिए शिक्षा के अधिकार के लिए आज भी बैठने या पढ़ने और रोड पर खड़े होकर फार्म भरना पड़ रहा तो ये कैसा बिहार का शिक्षा व्यवस्था। कॉलेज को रेलवे अगर शिल किया तो क्या कर रहे है यहां क़े सांसद, विधायक,कुलपति व मंत्री या सरकार। अगर सासंद, मंत्री चाहते तो रेलमंत्री से वार्ता कर के इस महाविद्यालय के बारे में कुछ उचित निर्णय निकाल सकता था पर नहीं उनको देश विदेश घूमने से फुर्सत ही नहीं। उनको तो विकास का ढिढोरा पीटने से फुर्सत कहा। बिहार में नीतीश के सरकार में शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है। अब तो बिहार में शिक्षा नहीं सिर्फ डिग्रियां मिल रही है। विद्यार्थियों के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं यह सरकार। ऐसी सरकार रहे या ना रहे। सरकार सिर्फ कागज पर विकास की ढिठोरा पीट रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। आक्रोषित विधार्थी में राजीव कुमार,नितिश कुमार, निधि कुमारी,अंजली कुमारी, काजल कुमारी,खुशबु कुमारी, रजनिश कुमार,मनिषा कुमारी रुखसार खातुन,सपना कुमारी, अंजली कुमारी अमृता कुमारी, दिपक,दीपा,मनिषा साथ ही सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस तरह की घटना की जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक यशवंत कुमार ने रेलवे कॉलेज स्थित पहुंचकर कहा कि अभी तक रेलवे महाविद्यालय बंद है। उसका कोई उचित व्यवस्था नहीं हो पा रहा जिसके कारण छात्र छात्राएं परेशान हो रहा क्योंकि महाविद्यालय में आने क़े बाद विधार्थियो को कहीं न बैठने का कोई जगह है और नहीं पढ़ने क़े लिए कैसे विधार्थी परीक्षा देंगे यह एक गंभीर मामला है इस पर हर लोगो को सोचना चाहिए क्योंकि इससे विधार्थियो क़े भविष्य अंधकारमय हो रहा है। बिहार क़े हर विधार्थियो क़े भविष्य से खिलवाड़ कर रही सरकार। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था नहीं मिल रही है। सरकार बिहार में शिक्षा नहीं डिग्रियां बांट रही है। वही छात्र नेता नुरैन ने कहा कि सारे जनप्रतिनिधि को छात्र छात्राएं के भविष्य से कोई मतलब नहीं। जो भी दल या नेता जो छात्र-छात्राएं का भविष्य को देखेंगे वैसे नेता या मंत्री या दल को विधार्थी एवं उनके अभिभावक आने वाले विधानसभा में समर्थन करेगी नहीं तो इसका पुरजोर विरोध करेगी।

## चंद्र नयन प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेनौत में अभिभावक संगोष्ठी व स्वागत समारोह आयोजित



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जिले के एकमा प्रखंड क्षेत्र के बेनौत गांव स्थित चंद्रनयन प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज में सोमवार को प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव नामांकित 9 वर्ग की छात्राओं का चंदन टीका लगाकर व पुष्प वर्षा कर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।इस स्वागत समारोह का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराना तथा सीनियर छात्राओं व विद्यालय परिवार के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध स्थापित करना था। इससे छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा। सीखने का माहौल और बेहतर होगा।कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी छात्राओं को दी गई थी, जिससे उनमें नेतृत्व कौशल का विकास हो सके। आयोजन में शिक्षक रवि कुमार द्विवेदी, पीयूष भारती, विकास व चंदन ने अहम भूमिका निभाई। जबकि राष्ट्रगीत संचालन की जिम्मेवारी कंचन मैडम ने निभाई।कार्यक्रम में 25 से 30 अभिभावकों ने भाग लिया। उन्हें विद्यालय की उपलब्ध सुविधाओं जैसे- स्मार्ट क्लास, स्मार्ट टीवी, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, आईसीटी लैब आदि की जानकारी दी गई और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर पूर्व शिक्षक व कर्मचारी बृजनंदन सिंह व रामेश्वर सिंह को भी आमंत्रित किया गया था, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने स्थानीय लोगों से अनुरोध किया कि वे गांव-समाज में मीटिंग आयोजित कर विद्यालय परिवार को आमंत्रित करें, जिससे बच्चों को प्रेरित करने का सामूहिक प्रयास हो सके। संपूर्ण विद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## बनियापुर में नए स्वास्थ्य केंद्र का हुआ उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर /बनियापुर(सारण)।** प्रखंड में कुल 07 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से बने कुल 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के उपस्थिति में हुआ। मौके पर स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, बनियापुर विधायक केदार सिंह, विधान पार्षद इं. सच्चिदानंद राय,बनियापुर रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी एम एम जाफरी, भाजपा के सारण ज़िला अध्यक्ष सारण पूर्वी रंजीत कुमार सिंह, ज़िला अध्यक्ष सारण पश्चिम बृजमोहन सिंह एवं जिला अध्यक्ष सिवान पूर्वी रंजीत प्रसाद की उपस्थिति में एईएस किट का वितरण कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।स्वास्थ मंत्री मंगल पांडे ने कहा की बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नितीश कुमार की सरकार में स्वास्थ सेवाओं के क्षेत्र में व्यापक कार्य हुआ है, अब बड़ी से बड़ी बीमारियों के लिए आयुष्मान कार्ड से मुफ्त गरीबो का इलाज सुलभ हुआ है। उन्होंने कहा कि आज पूरे बिहार मे जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक आधुनिक यंत्रो से लैस अस्पतालो का निर्माण सहित सम्पूर्ण सुविधाए मुहैय्या की गयी हैं। गरीबों का मुफ्त इलाज किया जा रहा है।डबल इंजन सरकार मे अब इलाज के आभाव मे,अथवा भूख से कोई मर नही पाएगा। स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने अपने संबोधन में सरकार की विकास की योजनाओं सहित अपने मद से किए गए कार्यो की विस्तार से चर्चा किया,तथा सब का साथ सबका विकास सरकार की प्रतिबद्धता को दुहराया।संबोधन के दौरान एमएलसी इंजीनियर सच्चिदानंद राय ने बनियापुर में नर्सिंग कॉलेज स्थापना की मांग की, जिस पर मंत्री ने अधिकारियों से विमर्श के बाद विमर्श उसे मूर्त रूप देने का ऐलान किया। स्थानीय विधायक केदार नाथ सिंह ने क्षेत्र के विकास में अपने योगदान की चर्चा करते हुए सरकार के विकासात्मक कार्य की प्रसंशा की। इस भव्य कार्यक्रम का उद्द्घाटन मुख्य अतिथि सांसद, विधायक, पार्षद द्वारा संयुक्तरूप से फीता काटकर किया गया। सभी ने बिहार के टॉप ओपिडी संचालन के लिए डा सरिता कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी डा एम एम जाफरी की सभी ने सराहना किया। भिट्ठी में भी एक समुदायिक केंद्र का उद्द्घाटन किया गया। जहा मौके पर सीएस सागर दुलाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, अजित सिंह, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार, शैलेन्द्र शर्मा, प्रमोद सिग्रीवाल सहित अन्य शामिल थे।

## करोड़ों देशवासियों को सुरक्षित रखने के लिए शहीद मो. इम्तियाज ने सर्वोच्च बलिदान दिया- चिराग



**दैनिक खोज खबर /छपरा।** गरखा प्रखंड के नारायणपुर में शहीद मोहम्मद इम्तियाज के परिजनों से मिलने और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे पहुंचे केंद्रीय मंत्री और लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शहीद के तेलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। फिर परिवार वालो से मिलकर उन्हें सांत्वना और जरूरी मदद की।इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना के बाद भारत सरकार के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पहलगाम घटना में जिन परिवारों ने अपनों को खोया, उनकी भावना को समझने का काम किया।इस दौरान ये भी एक दुखद घटना है कि हमने कई जवानों को भी शहीद होते हुए भी देखा, उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं। हम सभी को और परिवार को गर्व है कि उन्होंने करोड़ों देशवासियों को सुरक्षित रखने के लिए खुद का सर्वोच्च बलिदान देने काम किया। परिवार की जो भी अपेक्षाएं है उसे राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर पूरी की जाएगी। परिवार वालों ने अपनी भावनाएं प्रकट की है, जिसे केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष रखा जायेगा।



## रोजगार शिविर में 80 युवक युवतियों शामिल हुए, 20 का चयन

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जीविका कार्यालय में सोमवार को जीफोरएस सिक्योरिटी गार्ड के द्वारा प्रशिक्षण उपरांत रोजगार प्रदान करने के लिए बीपीएम अमित प्रितम की देखरेख में भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 80 से अधिक ग्रामीण युवकों व युवतियों ने भाग लिया। इसमें परामर्श के पश्चात कुल 14 योग्य युवक तथा छह युवतियों का चयन किया गया। कुल 20 चयनित किया गया। चयनित युवक-युवतियों को हैदराबाद एवं गुड़गांव में प्लेसमेंट मिलेगा, जिससे पहले एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत उनको उपरोक्त कंपनी में ही प्लेसमेंट दिया जाएगा। बीपीएम ने बताया कि 18000 से 25000 रुपये प्रति माह वेतन दिया जाएगा। इस मौके पर गोल्डी कुमारी, जीफोरएस से भर्ती अधिकारी गुड्डू कुमार चौधरी, किशोर कुमार, पवन कुमार, रीता कुमारी, रिंकू कुमारी, विकास कुमार, अमरजीत कुमार,राकेश कुमार, दिलीप कुमार, इरशाद आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी के सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के लीला साह के पोखरा स्थित एक निजी होटल में सोमवार को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी केशव कुमार सुमन, डाटा आपरेटर प्रियंका कुमारी, एलएस नीलम कुमारी, विनय कीर्ति और माधुरी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित एक विशेष पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूक और दक्ष बनाना है। उद्घाटन के दौरान सीडीपीओ ने कहा कि यह प्रशिक्षण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्य में गुणवत्ता और प्रभावशीलता लाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण और मध्यम तीव्र कुपोषण की पहचान और निदान में यह प्रशिक्षण सहायक सिद्ध होगा।

## स्वास्थ्य मंत्री का महाराजगंज में हुआ स्वागत

**महाराजगंज (सिवान)।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय का सोमवार को शहर के राजेंद्र चौक पर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा के पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में युवा मोर्चा के साथियों ने मंत्री को अंगवस्त्र एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं को अभिवादन करते हुए कुशलक्षेम पहुंची और पचरुखी के जसौली के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर जिला मंत्री मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव उर्फ शिकू श्रीवास्तव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह राजपूत, जिला मंत्री अजय कुमार सिंह, डा. त्रिपुरारी शरण सिंह, मनीष सिंह, राहुल सिंह, शैलु यादव आदि उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत मामले में प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** सारण के सहाजितपुर थाना क्षेत्र व भगवानपुर थाना सीमा पर पिंडरा गांव के समीप रविवार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक थाना क्षेत्र के लौवा रामपुर निवासी मदन बांसफोर के पुत्र वीरेंद्र बांसफोर (36) की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के पिता ने सहाजितपुर थाना में आवेदन देकर अज्ञात चालक व जब्त ट्रक के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि मेरा पुत्र वीरेंद्र बांसफोर रविवार को अपनी बहन के ससुराल से शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहा था तभी पिंडरा गांव के समीप एनएच 331 पर सामने से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में धक्का मार दिया जिससे वीरेंद्र बांसफोर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल ले जाने के दौरान वीरेंद्र बांसफोर की मौत हो गई। उसे एक पुत्र एवं तीन पुत्रियां है।

## चांदपुर नहर में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव स्थित नहर में सोमवार की सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कर सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के शरीर पर कई जगह कटे के निशान थे। समाचार प्रेषण तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह ग्रामीण टहलने के लिए तिलौता चांदपुर नहर की ओर गए थे। तभी नहर में एक महिला का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी गांव में दी। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की शिनाख्त करने का प्रयास जारी है और शव फूला हुआ है। शव देखने से लग रहा है कि महिला की दो दिन पहले हत्या की गई है। उसके शरीर पर कई जगह कटे के निशान हैं। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि किसी ने कहीं और इसकी हत्या की होगी और शव को यहां लाकर नहर में फेंक दिया होगा, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ भी स्पष्ट हो पाएगा।

## चित्रकला प्रतियोगिता में चयनित छात्र सम्मानित

**मैरवा (सिवान)।** मध्य विद्यालय मैरवा धाम में सोमवार को कक्षा छह से आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच पर्यावरण बचाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। यह प्रतियोगिता सामाजिक विज्ञान विषय में प्रोजेक्ट वर्क के रूप में बच्चों से कराया गया था। विद्यालय के शिक्षक अमितेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन रूटीन वर्क के रूप में हुआ। ऐसी प्रतियोगिता से बच्चों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। साथ ही साथ बच्चों में कला और स्किल का विकास होता है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण को लेकर चिंतन और सोच विकसित करने और पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर प्रेरित करने था। वहीं प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया ताकि इससे दूसरे बच्चे भी प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।

## ग्राहकों का पैसा गबन मामले में सोहागरा पैक्स प्रबंधक के विरुद्ध प्राथमिकी

**गुठनी (सिवान)।** प्रखंड के सोहागरा पैक्स प्रबंधक पर पैसा गबन मामले में प्राथमिकी कराई गई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इस मामले में पीड़ित ग्राहक डरैला निवासी रेणु देवी ने थाना में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उसने दो लाख रुपये सोहागरा पैक्स में जमा किया। इसका समय पूरा हो गया। बावजूद मेरे जमा राशि का भुगतान उनके द्वारा नहीं किया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वह राशि वर्ष 2024 में पूरा होकर तीन लाख 61 हजार हजार 55 रुपये तक हो चुका है। रुपये की मांग करने पर पैक्स प्रबंधक कुरमौली निवासी विंध्याचल शर्मा द्वारा मेरे साथ गाली-गलौज की जाती है तथा रुपये नहीं देने की धमकी दी जाती है। इस मामले में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने प्राथमिकी कर मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं पैक्स अध्यक्ष ने आरोप को निराधार बताया है।

# आज से बिहार बदलाव यात्रा जेपी की जन्मभूमि सिताबदियारा से शुरू होगी

### जेपी के अधूरे सपने, बदलाव और संपूर्ण क्रांति के उद्देश्य से प्रशांत किशोर पूरे राज्य का करेंगे दौरा

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जन सुराज पार्टी ने घोषणा की है कि %बिहार बदलाव यात्रा% का शुभारंभ मंगलवार, 20 मई मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताबदियारा से किया जाएगा। इस यात्रा के माध्यम से जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर बिहार के हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे और आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे।इस यात्रा का उद्देश्य बिहार में व्यवस्था परिवर्तन, संपूर्ण क्रांति और जेपी के अधूरे सपनों को पूरा करना है। जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने एक बयान जारी कर कहा है कि जेपी आंदोलन के बाद सत्ता परिवर्तन तो हुआ, लेकिन बीते 35 वर्षों में सत्ता पर काबिज़ रहे उनके अनुयायी राज्य को आगे नहीं बढ़ा सके। परिणामस्वरूप, आज भी बिहार देश का सबसे गरीब और पिछड़ा राज्य बना हुआ है। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को गांधी मैदान में आयोजित जन सुराज के कार्यक्रम में प्रशासन द्वारा लाखों लोगों को रोकने के बाद प्रशांत किशोर ने यह निर्णय लिया है कि अब वह खुद जनता के बीच जाएंगे। वह गांव-गांव, प्रखंड-प्रखंड जाकर बिहार के लोगों से संवाद करेंगे और बदलाव का संदेश पहुंचाएंगे।इधर सिताबदियारा कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर व जन सुराज के युवा नेता अजीत सिंह ने बताया है कि इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस कार्यक्रम में जिला के हजारों कार्यकर्ता शामिल होगे। जगह जगह तोरण द्वारा, स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं की टीम लगी हुई है। जिसकी तैयारी में मुख्य रूप से राज्य परिषद सदस्य सुरेश सिंह व नूतन शर्मा, युवा नेता नवनीत कु0 यादव, नगर महिला अध्यक्ष प्रीति रानी, रिवीलगंज प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ कुमार एवं युवा नगर अध्यक्ष आदिल खान आदि कार्यकर्ता लगे हुए हैं।



## विवाहिता ने की आत्महत्या, पुलिस ने शव किया बरामद

**मढौरा(सारण)।** थाना अंतर्गत तेजपुरवा गांव में एक विवाहिता की गला दबाकर फंदे पर शव को लटकाने का मामला सामने आया है. वही इस घटना के बाद ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो चुके हैं. सूचना के बाद मृतका के मायके वाले वहां पहुंचे और उनकी शिकायत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. मृत महिला तेजपुरवा गांव निवासी नसीम आलम की 24 वर्षीय पत्नी नुसरत प्रवीण बताई गई है. इस घटना के संबंध में मृत महिला के मायके छपरा,करीम चक मोहल्ला निवासी मोहम्मद मुन्ना और मोहम्मद फिरोज के द्वारा बताया गया कि ससुराल वालों के द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था. उन लोगों के द्वारा नुसरत परवीन की गला दबाने के बाद रस्सी से फंदा लगाकर उसकी हत्या की गई है. हालांकि समाचार प्रेषण तक इस मामले में प्राथमिकी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी. वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है. फिलहाल सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं। उसके द्वारा आत्महत्या किया गया है या हत्या की गई है गांव में इसको लेकर चर्चा है. वैसे पुलिस दोनों ही बिंदुओं पर मामले की तहकीकात कर रही है.मामले में डीएसपी नरेश पासवान ने बताया कि थाना को सूचना प्राप्त हुई कि तेजपुरवा में एक महिला फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है. सूचना पर मढ़ौरा थाना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है. मृतका का मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, छपरा भेजा गया है. मढ़ौरा पुलिस द्वारा घटना से जुड़ी सभी बिन्दुओं की जांच कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है.

## सरयू नदी में नहाने के दौरान दस वर्षीय बालक की डूबने से मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी के रामघाट पर रविवार को सरयु नदी में नहाने पहुंचा एक बालक गहरे पानी में डूब गया, हालाँकि परिजनों को बालक के डूबने की कहीं से कोई जानकारी नही मिली। सोमवार की सुबह सरयु नदी में उपलाते बालक के शव को देखकर स्थानीय मोटरबोट चालक सरोज कुमार यादव ने नदी में छलांग लगा दी तथा शव को गहरे पानी से बाहर निकाला। घाट पर मौजूद लोगों ने मृतक की पहचान मांझी नगर पंचायत के कंचनपुर निवासी जितेंद्र साह के दस वर्षीय पुत्र भुअर साह के रूप में की। इससे पहले बालक को ढूंढने रामघाट पर पहुँचे मृतक के पिता ने अपने पुत्र के कपड़े नदी किनारे लावारिस हालत में पड़ा देखा तथा वहां मौजूद लोगों से उसने अपने पुत्र के नदी में डूबने की आशंका जताई। हालाँकि कुछ ही देर के बाद वहाँ निर्माणरत अटल घाट के सामने बालक के उपलाते शव को देखकर लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे चालक ने कड़ी मशक्कत कर शव को गहरे पानी से बाहर निकाला। शव बरामद होने की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। इससे पहले बालक का शव बरामद होने की सूचना पाकर पहुँचे परिजनों के रुदन क्रंदन से वहाँ का माहौल गमगीन हो गया। मौके पर मौजूद माँझी नगर पँचायत की उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह तथा समाजसेवी कृष्णा सिंह पहलवान एवम वार्ड पार्षद राजा ठाकुर आदि ने बिलखते परिजनों को समझ बुझाकर उन्हें ढांढस बंधाया।बताते चलें कि बीते सोमवार को रामघाट पर साथियों संग नहाने के दौरान मांझी नगर पंचायत के चैनपुर निवासी भोला यादव के 18 वर्षीय पुत्र शैलेन्द्र कुमार यादव की डूबने से मौत हो गई थी। मालूम हो कि रेलपुल की सुरक्षा के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा बनाये जा रहे बोल्डर बांध की वजह से रामघाट तक पहुंचना काफी मुश्किल हो गया है। कई लोगों ने स्थानीय प्रशासन से रामघाट को खतरनाक घाट घोषित करके तथा उसकी पूर्ण घेराबंदी करके स्नान के उद्देश्य से आने वाले श्रद्धालुओं को समीप के बहोरन सिंह के टोला घाट पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

## एनएच-531 पर बह रहा सीवर का पानी, जलजमाव से टूटी सड़क, अनियंत्रित एंबुलेंस पलटा, बड़ा हादसा



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** छपरा-सीवान एनएच-531 के किनारे बने सीवर साफ-सफाई के अभाव में जाम होकर महीनों से सड़क पर बह रहा है,नाली का पानी सड़क पर बहने से सड़क गड्ढे में तब्दील है जिस गड्ढे के कारण पटना से सीवान लौट रही आपात सेवा 108 की एंबुलेंस सोमवार को रसूलपुर चट्टी व चैनवा के मध्य केदार परसा मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई और चारो चक्के उपर हो गए शुक्र है कि उक्त एंबुलेंस पर चालक के सिवाय और कोई सवार नहीं था जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया.घटना की सूचना मिलते हीं रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच चालक को बाहर निकाला जो पुरी तरह सुरक्षित था और एंबुलेंस को सड़क से हटा यातायात को सुचारू किया.



## स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया नवनिर्मित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर।** बनियापुर प्रखंड के भकुरा भिठ्ठी बाजार से पूरब नवनिर्मित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन सोमवार को स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय के साथ में स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल एक करोड़ 30 लाख की लागत से बना है। इस अस्पताल में 142 प्रकार की दवा की व्यवस्था की गई है। उन्होंने डबल इंजन की सरकार के बारे में कहा कि इस सरकार में विशेष कर अस्पताल पर विशेष ध्यान दी जा रही है। इससे गरीब, कमजोर, लाचार, असहाय मरीजों का मुफ्त में सारी सुविधा दी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 7 महीने में हमने 50 अस्पताल देने का काम किया है। वहीं प्रत्येक पंचायत में अस्पताल देने पर भी काम हो रहा है। बच्चेदानी की कैंसर से निजात दिलवाने के लिए उन्होंने कहा कि 9 वर्ष से 14 वर्ष तक की बच्चियों को मुफ्त में सरकार के द्वारा टीका दी जा रही है जिससे भविष्य में वह बच्चेदानी कैंसर के चपेट में नहीं आ सके। साथ ही उन्होंने बताया कि बच्चों के दिल में छेद को लेकर अहमदाबाद में इसकी ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह उन्हीं लोगों की देन है कि यह अस्पताल का विकास साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि आप लोग 2 महीने में एक बार अवश्य अपने शरीर का जांच करवाएं जिससे आपके अंदर बीमारी का पता चल सके।सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहां की बिहार के सभी जिले में मेडिकल कॉलेज है जिससे मरीजों को काफी सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड जो भारत सरकार की सबसे अच्छी योजना है इससे कमजोर, गरीब ,लाचार लोगों को 1 साल में 5 लख रुपए इलाज मुफ्त में करने की सुविधा दी गई है। वही बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि सीएचसी मसरख में महिला डॉक्टर की कमी है। इसके ऊपर ध्यान दिया जाए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिलीप सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष पूर्वी रणजीत सिंह ने किया।मौके पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय, सीएस सागर दुलाल सिंह, जेडीयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, जिला पार्षद की उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, जिला अध्यक्ष पश्चिमी बृजमोहन सिंह, पूर्वी रणजीत सिंह, रमाशंकर मिश्र सांडील्य, धीरज सिंह, नितेश सिंह, नागेंद्र तिवारी, मुखिया संजय रजक, डॉ ओमप्रकाश सिंह,संगम बाबा, सुनील शास्त्री, बद्रीनारायण सिंह, अरुण सिंह समेत अन्य थे।

## केंद्रीय मंत्री ने बलिदान रामबाबू के स्वजनों को दी सांत्वना

### नौकरी और विभिन्न सुविधा मुहैया कराने का दिया आश्वासन

**सिवान।** भारत-पाकिस्तान युद्ध में बलिदान हुए प्रखंड बड़हरिया के वसीलपुर बलिदानी रामबाबू सिंह के स्वजनों से सोमवार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण व उद्योग मंत्री सह लोजपा (आर) नेता चिराग पासवान ने मुलाकात कर सांत्वना दी। केंद्रीय मंत्री के वसीलपुर पहुंचते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। उन्होंने बलिदानी रामबाबू सिंह की पत्नी को सरकारी नौकरी और बिहार सरकार से जो भी राशि मिलने वाली यथासंभव दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के जवान ने भारत-पाकिस्तान युद्ध में लड़ते-लड़ते देश को बचाने के लिए अपना बलिदान दिया हैं वह बलिदान खाली नहीं जाएगा। उनके घर के परिवार को सरकार से हर संभव मदद की जाएगी। उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी भी मिलेगी। हम लोग भरपूर कोशिश करेंगे कि जो भी सरकारी स्तर से सुविधा मिलना है वह मिले और इस दुख की घड़ी में सरकार उनके परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने बलिदानी रामबाबू सिंह के परिवार को कुछ गुप्त सहायता राशि प्रदान की तथा सांत्वना दिया। साथ ही बलिदानी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष महादेव पासवान, रईस खान व अयूब खान समेत काफी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुराने विवाद में मारपीट कर किया जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के ताल पुरैना मिर्जापुर में पुराने विवाद को लेकर हुई एक मारपीट में मुनीश कुमार नामक एक युवक जख्मी हो गया। घटना को लेकर जख्मी ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्राथमिकी में इस गांव के संतोष कुमार, मनोज राय, सनी कुमार, भीष्म राय, प्रभु राय को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि सभी लाठी, डंडा, धारदार हथियार लेकर उसके दरवाजे पर आए और उसे गाली देने लगे। जब उसने मना किया तो सभी ने मारपीट शुरू कर दी जिसमें उसे काफी चोट आई । इस दौरान आरोपियों ने दाब से उसके सिर और हाथ पर हमला किया जिससे उसका सिर और हाथ कट गया। बाद में आसपास के लोग के जुटने पर उसकी जान बची।

## शराब की तस्करी करते एक गिरफ्तार

**मढ़ौरा ।** थाना क्षेत्र की ओल्हनपुर चकदारा में पुलिस ने छापामारी कर एक तस्कर को 20 लीटर देसी शराब के के साथ गिरफ्तार कर लिया।

वही दूसरा तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल हो गया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की ओल्हनपुर चकदारा निवासी 55 वर्षीय पारस राम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वही उसी गांव के महेश महतों मौके से फरार होने में सफल हो गया। मामले पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



## गर्मी बढ़ते ही फ्यूज व फाल्ट की आने लगीं शिकायतें, कटौती से भी बढ़ी है परेशानी

**सिवान।** गर्मी बढ़ते ही शहर में फ्यूज उड़ने व फाल्ट मारने की रोजाना 10-15 शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। यह समस्या ज्यादातर रात में तब हो रही है, जब ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ रहा है। केबल में शिकायत आने पर एक घंटा व ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने में आधा घंटा का समय लग जा रहा है। इतनी देर तक उपभोक्ताओं को गर्मी का सितम सहना पड़ रहा है। विद्युत बोर्ड के अधिकारी रात के समय को पीक आवर मान रहे हैं। इस वक्त बिजली की खपत ज्यादा हो रही है। पूछने पर बताया गया कि सामान्य समय में फ्यूज व फाल्ट की 5-8 शिकायतें मिल रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जिले में बिजली की कटौती भले नहीं हो रही है, पर पयूज उड़ने व फाल्ट मारने की समस्या से उपभोक्ताओं की दिक्कत बढ़ गई है। उपभोक्ताओ ने बताया कि गर्मी में मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है। मच्छरदानी, क्वायल, अगरबत्ती, लिक्विड भी काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में जब रात के वक्त बिजली गुल होती है, तब परेशानी बढ़ जाती हैं। सूचना देने के काफी देर बाद मिस्त्री फ्यूज व फाल्ट को ठीक करने मिस्त्री पहुंचते हैं। पूछने पर कहते हैं कि दूसरी तरफ की खराबी दूर कर रहे थे। रात में बिजली कटने पर बच्चे ज्यादा परेशान कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बिजली पर्याप्त मिल रही है। उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत नहीं है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**दारौंदा ( सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में रविवार को सिवान-छपरा मुख्य पथ स्थित पश्चिमी रेलवे ढाला के नजदीक अज्ञात वाहन की चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि रविवार की रात किसी वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हालांकि शव की पहचान नहीं हो पाई है। सोमवार की सुबह शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम के बाद भी पहचान के लिए उसे 72 घंटे तक रखा जाएगा। इसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

## मुख्य पार्षद ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देकर की समस्याओं के समाधान की मांग

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज नगर पंचायत के मुख्य पार्षद शारदा देवी ने सिवान जिला प्रभारी मंत्री सह पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेनू देवी को ज्ञापन देकर महाराजगंज की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि महाराजगंज में नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी के डिविजनल कार्यालय के भवन निर्माण हेतु नगर पंचायत के वार्ड संख्या आठ कपियां जागीर में जमीन स्थानांतरण के बावजूद बावजूद भी भवन निर्माण नहीं हो पा रहा है। वहीं महाराजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में जिला परिषद के द्वारा अवैध वसूली के खिलाफ कई बार शिकायत करने के बावजूद इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। मुख्य पार्षद ने नगर पंचायत वासियों के इस जनसमस्या से यथाशीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

## एसपी ने नगर थाना का किया औचक निरीक्षण

**सिवान।** एसपी अमितेश कुमार ने सोमवार की शाम नगर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कार्यालय में मासिक कार्य विवरणी, मालखाना, चार्जशीट, स्टेशन डायरी समेत अभिलेखों की जांच की। साथ ही हत्या, लूट, डकैती, जैसी संगीन आपराधिक घटनाएं व लंबित मामलों को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिये। पुलिस पदाधिकारियों को कांडों में फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने, वाहन चेकिंग, रात्रि गश्ती, बैंक एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस रहने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष राजू कुमार को पूर्व से लंबित मामलों का यथाशीघ्र निबटारा करने, वारंटियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। अनुसंधानकर्ता को नये आपराधिक कानून के अनुसार कांडों की जांच करने, वैज्ञानिक व फारेंसिक तरीके से साक्ष्य संकलित करने का निर्देश दिया। एसपी ने थाने के विभिन्न मामलों के अनुसंधानकर्ता से कांडों के बारे में जानकारी ली। थानाध्यक्ष को आपराधिक प्रवृति के लोगों पर कड़ी नजर रखने, शराब व मादक पदार्थ की तस्करी पर पूर्णत-रोक लगाने का निर्देश दिया।

## ट्रेन में छूटा लैपटाप आरपीएफ ने यात्री को सौंपा

**सिवान।** नई दिल्ली से बरौनी को जानेवाली 02564 क्लोन स्पेशल ट्रेन में एक यात्री के छूटे लैपटाप को आरपीएफ ने बरामद कर सोमवार को यात्री के सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि देवरिया जिले के महुआडीह थाने के चिऊरहा खास निवासी राम ध्यान विश्वकर्मा के पुत्र श्रीनाथ विश्वकर्मा 02564 क्लोन स्पेशल ट्रेन के एम 3 कोच में यात्रा कर दिल्ली से देवरिया आ रहे थे। देवरिया स्टेशन पर उतरने के क्रम में जल्दी बाजी में उनका बैग सहित लैपटाप बर्थ पर छूट गया। इसकी शिकायत उनके द्वारा रेल मदद से की गई। सूचना मिलते ही सिवान जंक्शन पर जब ट्रेन पहुंची तो लैपटाप को बरामद कर सुरक्षित रखा गया तथा यात्री को सूचना दी गई। सिवान पोस्ट पर पहुंचने पर आरपीएफ ने बैग सहित लैपटाप को सुपुर्द किया। बैग में एक पुराना एचपी कंपनी का लैपटाप, आधार कार्ड, डेविट कार्ड व पुराने कुछ कपड़े थे। समान सहित बैग की कीमत लगभग 15 हजार रुपए है।

## पिता व बुआ ने मिलकर पुत्र को पीटा

**सिवान।** जीरादेई थाना क्षेत्र के भैंसाखाल गांव में सोमवार को पिता व बुआ ने मिलकर पुत्र की पिटाई कर दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज हुआ। घायल की पहचान उक्त गांव निवासी अभिषेक कुमार सिंह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल ने बताया कि मेरी बुआ मेरे पिता के साथ मिलकर मुझसे रुपये की मांग कर रहे थे नहीं दिया तो दोनों भाई बहन ने मिलकर चाकू से वार कर घायल कर दिया।

## रगड़गंज में दो पक्षों को लेकर तनाव, पुलिस कर ही कैंप

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बाल बंगरा पंचायत के रगड़गंज में रविवार की रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद को ले तनाव कायम हो गया। इसकी सूचना मिलते ही काफी संख्या में पुलिस गांव में पहुंच घटना की जानकारी ली। महाराजगंज एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, दारौंदा थानाध्यक्ष छोटन कुमार एवं महाराजगंज थाने की पुलिस पहुंच गई। साथ ही दोनों पक्षों के लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस गांव में ही कैंप कर रही है। इस मामले में स्थानीय लोग भी घटना के बारे में कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। कुछ लोग दबी जुबान से कह रहे हैं कि लड़की से छेड़छाड़ का मामला बता रहे हैं, लेकिन समझौता कर लिया गया है। इसके बाद भी कुछ लोगों को लग रहा है कि कभी भी तनाव पुन- बढ़ सकता है।

# विद्यालय निरीक्षण के दौरान बीईओ ने दिए निर्देश

**मैरवा (सिवान)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ओझा ने सोमवार को प्रखंड के दो विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, शिक्षण व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने समेत कई निर्देश दिए। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचे। उन्होंने वार्डन से व्यवस्था संबंधी जानकारी ली और अभिलेखों का अवलोकन किया। इसके बाद वे उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कैथवली पहुंचे। उस समय मध्यांतर के बाद विद्यालय में घंटी लग चुकी थी। बीईओ ने कक्षा एक से लेकर 12वीं तक वर्ग कक्ष में जाकर शिक्षण कार्यों को देखा। इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बच्चों से कई सवाल भी पूछे। उन्होंने रुटीन के मुताबिक घंटीवार पढ़ाई की जानकारी बच्चों से ली। स्मार्ट क्लास और आइसीटी लैब में जाकर भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने उपस्थिति पंजी के आधार पर शिक्षकों की उपलब्धता का भौतिक सत्यापन भी किया। उन्होंने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को लेकर बच्चों और शिक्षकों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने एसडीएम चखना पंजी का भी अवलोकन किया। इसके अलावा रोकड़ पंजी, छात्र-शिक्षक उपस्थिति पंजी समेत विभिन्न अभिलेख की जांच की और प्रधानाध्यापक से पूछताछ की। साथ ही विद्यालय परिसर की साफ-सफाई रखने, सभी शिक्षकों को फार्मल ड्रेस में विद्यालय आने, छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत ड्रेस में विद्यालय आना सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। उन्होंने नामांकन को लेकर भी कई निर्देश दिए। ईंट-भट्ठा पर काम करने वाले मजदूर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों से प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास किए जाने की तस्वीर उन्हें उपलब्ध कराई जाए। बीईओ ने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक प्रोत्साहित किए जाएंगे।

## तिलौता चांदपुर नहर में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के तिलौता चांदपुर गांव स्थित नहर में सोमवार की सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कर सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के शरीर पर कई जगह कटे के निशान थे। समाचार प्रेषण तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह ग्रामीण टहलने के लिए तिलौता चांदपुर नहर की ओर गए थे। तभी नहर में एक महिला का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी गांव में दी। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की शिनाख्त करने का प्रयास जारी है और शव फूला हुआ है। शव देखने से लग रहा है कि महिला की दो दिन पहले हत्या की गई है।

## एसपी के सरकारी मोबाइल नंबर बंद होने से लोग परेशान, मदद मांगने में हो रही कठिनाई

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** एसपी के सरकारी मोबाइल नंबर9431822990 बंद होने से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अपनी शिकायत दर्ज करने, आपातकालीन स्थिति में संपर्क करने, या अन्य ज़रूरी जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। लोग एसपी के नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें न्याय पाने में कठिनाई हो रही है। गंभीर स्थिति में, जैसे कि कोई दुर्घटना या अपराध, लोग तुरंत एसपी से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।लोग एसपी से संबंधित ज़रूरी जानकारी, जैसे कि पुलिस विभाग के नियमों या किसी विशेष मामले की जानकारी, प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। एसपी का सरकारी मोबाइल नंबर महीनों से उपयोग में नहीं है। जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों को कहना है कि एसपी का सरकारी मोबाइल नंबर उपयोग में नहीं है। ऐसी परिस्थिति में जरूरी खबर एसपी को देना मुश्किल हो गया है क्योंकि अधिकांश लोगों के पास एसपी का सरकारी मोबाइल नंबर ही उपलब्ध रहता है। लोगों का कहना है कि एसपी को अपने सरकारी नंबर चालू रखने चाहिए ताकि लोग उनसे संपर्क कर सकें। एसपी के नंबर बंद होने से लोगों को कई तरह की परेशानी हो रही है। एसपी को जल्द से जल्द अपने सरकारी नंबर चालू करना चाहिए और अन्य संपर्क माध्यम भी उपलब्ध कराने चाहिए। हालांकि एसपी ने अपने सरकारी मोबाइल नंबर के वाट्सएप पर लिख है कि आपातकालीन स्थिति में 112 डायल करें या सिवान पुलिस कंट्रोल रूम 06154-242366 पर संपर्क करें। उनका कहना है कि लोग पुलिस स्टेशन जाकर भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं या आपातकालीन स्थिति में लोग 112 नंबर डायल करके पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं लेकिन विषम परिस्थितियों में लोग थाना कैसे पहुंचेंगे यह सवाल लोगों के बीच चर्चा में है।

## राज्यस्तरीय ग्रेपलिंग में कविता ने जीता स्वर्ण पदक

**हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के पियाउर पंचायत के उजरहा निवासी रामविलास यादव की बेटी कविता कुमारी ने एक बार फिर 11वां राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीत कर प्रखंड व जिले का नाम रोशन की है। वीएन शर्मा ग्राउंड दानापुर में 17 और 18 मई को आयोजित 11 वां राज्यस्तरीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप सीनियर खिलाड़ी 20 प्लस आयु वर्ग में कविता कुमारी ( 53 किलो ) भार वर्ग के गी ग्रेपलिंग और निगी ग्रेपलिंग में सुपौल की खिलाड़ी को नाकआउट किया। वहीं लखीसराय के खिलाड़ी को 8-0 से हराया और गया की खिलाड़ी को 9-1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। बता दें कि कविता कुमारी विगत आठ वर्षो से अपने कठिन परिश्रम से लगातार अभी तक सैकड़ों पदक जिला और अपने राज्य के लिए जीत चुकी है। आगामी 18 वां राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप 2025 नासिक में डिविजन स्पोर्ट्स कांपलेक्स में 29 मई से 01 जून तक आयोजित राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। इसमें भी एक बार फिर से अपना दमखम दिखाएगी। उसके पिता का कहना है कि आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद भी खेल के क्षेत्र में मेरी बेटी को एक नई उड़ान दी है जिसका नतीजा आज जिले और बिहार प्रदेश की गौरव बन चुकी है। राष्ट्रीय ग्रेपलिंग कोच मनीष तिवारी का कहना है कि अगर इस खिलाड़ी को आर्थिक सहयोग मिला तो अंतरराष्ट्रीय एवं एशियन स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर बिहार का और भारत का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखेगी।

## आटो रिक्शा पर महिला का सोने का चेन स्नेचिंग

**मैरवा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मैरवाधाम की एक महिला के गले से सोने का चेन आटो पर यात्रा के दौरान सोमवार को उचक्कों ने स्नैचिंग कर ली। इस घटना की जानकारी पीड़िता ने मैरवा थाना को आवेदन देकर दी है। बताते हैं कि उत्तर प्रदेश के देवरिया के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के राम बड़ाई यादव की पत्नी संतराजी देवी मैरवा धाम स्थित अपने किराए के मकान से एक आटो रिक्शा पर सवार होकर पुरानी सब्जी मंडी माल गोदाम रोड जा रही थी। आटो पर वह अकेले ही सवार थी। इस दौरान मझौली चौक हनुमान मंदिर के पास चार महिलाएं उस आटो में सवार हुई और संतराजी देवी के अगल-बगल बैठ गई। जैसे ही आटो आगे बढ़ी, सवार महिलाएं आपस में असामान्य हरकत करने लगी जिससे संतराजी देवी का ध्यान उधर ही केंद्रित हो गया। कुछ दूर आगे मंदिर रोड के निकट चारों महिलाएं आटो रोककर उतर गई। जब संतराजी देवी आटो से स्टेशन चौक उत्तरी तो उन्हें गले से सोने के चैन गायब होने का आभास हुआ। उन्होंने कहा कि आटो पर सवार महिलाएं असामान्य हरकत कर उनका ध्यान भटका कर उनके गले का सोने का चेन काट कर चंपत हो गई। पुलिस इस घटना की जांच कर चेन स्नेचर महिलाओं का सुराग लगाने में जुटी है।

## कैंडल जलाकर बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

**मैरवा (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय के नौतन मोड़ स्थित मध्य विद्यालय मैरवा धाम में सोमवार को छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने आपरेशन सिंदूर के दौरान बलिदान हुए भारतीय सेना के जांबाज बहादुर जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी और उनके साहस और बलिदान को सलाम किया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन श्याम साईं इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन के प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा किया गया था। इसमें मध्य विद्यालय मैरवा धाम के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उन्होंने अपने हाथों में कैंडल जलाई और देश की रक्षा करते हुए भारतीय सीमा पर बलिदान हुए जवानों को याद किया। इस मौके पर जवानों को प्रेरणास्रोत बताते हुए कई बच्चों ने अपनी पढ़ाई पूरी कर देश की सेवा और मातृभूमि की रक्षा के लिए सेना में भर्ती होने की इच्छा जताई।

## रुपये के साथ पत्नी फरार

**सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के दीनदयालपुर निवासी गुड्डू अंसारी की पत्नी साहना खातून ने नौ मई को घर रुपये लेकर फरार हो गई। इस मामले में उसके पति गुड्डू अंसारी ने पत्नी साहना खातून के खिलाफ थाना में प्राथमिकी कराई है। इसमें कहा है कि उसकी पत्नी तीन समूहों का पैसा व आसपास के लोगों से उधार रुपये लेकर बिना बताए नौ मई को फरार हो गई। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कीं पता नहीं चला। पुलिस प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय को प्रेषित किया है।

## हत्या मामले में प्राथमिकी

**सिवान ~** मैरवा थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के समीप 12 मई को एक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के भाई देवरिया के सलेमपुर थाना क्षेत्र के मठिया टोला निवासी रुदल यादव के पुत्र अमरजीत यादव ने 18 मई को थाना में आवेदन देकर एक व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि उसका भाई मैरवा थाना क्षेत्र के इंग्लिश निवासी तागाउद्दीन खान के यहां रहकर पशु की खरीद बिक्री करता था। उसकी शादी होने वाली थी, इसलिए वह अपना बकाया दो लाख रुपये तागाउद्दीन खान से मांगता था। रुपये हड़पने की नीयत से उसकी हत्या कर दी गई।

## अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान) ~** स्थानीय थाना गश्त दल ने रविवार की रात अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद सोमवार को जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार लोगों में माघर निवासी अनिल महतो को मारपीट के मामले में तथा भगवानपुरहाट निवासी उग्रे मांझी को एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है।

## 133 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान) ~** थाना की गश्त दल ने रविवार की शाम सराय पड़ौली चंवर में छापेमारी कर 133 लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में पनियाडीह निवासी मदन महतो एवं बलहा अलीमर्दनपुर निवासी अवधेश चौधरी शामिल हैं। गिरफ्तार दोनों तस्करों को सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

## स्कार्पियो से भारी मात्रा में शराब बरामद, चालक व खलासी गिरफ्तार

**सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के बजरिया गांव स्थित गंडक नहर पुल के पास शराब लदी एक स्कार्पियो नहर में पलट गई। स्कार्पियो का पीछा पुलिस टीम कर रही थी। इस घटना में स्कार्पियो के चालक व खलासी घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच गाड़ी व उसमें लदी शराब को जब्त कर लिया और चालक व खलासी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक गोपालगंज जिला के कुचायकोट थाना क्षेत्र के मलाही निवासी रामबाबू यादव व नौतन थाना क्षेत्र के सेमरी निवासी आनंद यादव है। पुलिस ने स्कार्पियों व दो मोबाइल को जब्त करते हुए 672.580 लीटर शराब बरामद की है। एसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 18 मई की रात्रि गुप्त सूचना मिली कि एक गाड़ी यूपी से भारी मात्रा में शराब लोड कर जीबी नगर व सीमावर्ती थाना क्षेत्र में जा रही है। कार्रवाई हेतु अविलंब जीबी नगर थानाध्यक्ष द्वारा जीबी नगर चौक के नजदीक वाहन चेकिंग की गई। इसी क्रम में एक स्कार्पियों काफी तेज गति से आती हुई दिखाई दी, जो चौक पर पुलिस चेकिंग को देखकर तेजी से भागना चाही। इसी दौरान गाड़ी का पीछा किया गया तो चालक द्वारा गाड़ी को तरवारा के बजरिया गांव समीप नहर में पलट दिया गया। उक्त वाहन के चालक व खलासी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों से इस संबंध में पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि यह गाड़ी रिंकू पांडेय व उनके सिंडिकेट की है। जिसे सिवान ले जाने के लिए चालक को पांच हजार रुपया दिया गया था।

## विवाहिता की हत्या मामले में पति समेत आधा दर्जन के विरुद्ध प्राथमिकीखाना में जहर देने का आरोप

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर में खाना में जहर देकर एक विवाहिता की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मृतका के भाई सरफराज खान ने पीएमसीएच में दिए अपने बयान में कहा है कि मेरी बहन गुलशन खातून ( 28 ) खातून की शादी सात वर्ष पूर्व बगल के मो. अजहरुद्दीन के साथ हुई थी। शादी के सात साल बाद भी बहन कोई संतान नहीं होने से पति एवं ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। इस दौरान वे सभी 30 अप्रैल को मेरी बहन को खाना में जहर खिला दिया। बहन का इलाज अस्पताल में कराया गया, कुछ आराम हुआ, लेकिन फिर उसकी तबीयत बिगड़ गई। सात मई को उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक द्वारा पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। पीएमसीएच में आठ मई को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पटना पुलिस से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने मृतका के पति के अलावा सास शाहजहां खातून, ननद रिजवाना खातून, सिमरन खातून एव देवर सहरुदीन खान को अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई हेतु सोमवार को न्यायालय में प्रेषित किया है।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व विधायक व्यास देव प्रसाद पर आरोप गठित

**सिवान।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम अरविंद कुमार सिंह की अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े एक मामले में पूर्व सदर विधायक व्यास देव प्रसाद पर मामले का सारांश सुनते हुए सोमवार को आरोप का गठन कर दिया। अदालत ने पूर्व विधायक पर भादवि की धारा 188 एवं 171 के अंतर्गत आरोप गठन किया है। हालांकि सारांश सुनते समय पूर्व विधायक ने अपने को इस मामले में निर्दोष बताया। बताया जाता है कि वर्ष 2020 में निर्दल प्रत्याशी व्यास देव प्रसाद चुनाव प्रचार कर रहे थे। ग्राम रोहड़ा में बगैर चुनाव प्रचार की अनुमति लिए 20 अक्टूबर 2020 की तिथि में व्यास देव प्रसाद द्वारा चुनाव प्रचार और भाषण दिया गया, इसकी सूचना चुनाव आयोग को प्राप्त हुई थी। निर्देश मिलने पर प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी पचरुखी तथा चुनाव आयोग के अभिकर्ता संजय सिंह ने ब्यास देव प्रसाद के विरुद्ध बड़हरिया थाने में प्राथमिकी कांड संख्या 324 /20 दर्ज कराई थी। इस मामले में सोमवार को सुनवाई एवं पूर्व विधायक की उपस्थिति के लिए तिथि निश्चित थी। निश्चित तिथि पर विधायक अपने अधिवक्ता प्रमिल गोप के माध्यम से उपस्थित हुए। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित कर दी है।

## पूर्व प्रधानाध्यापक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना में दिया आवेदन

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के रामनगर वार्ड नंबर 25 में रविवार की देर रात पूर्व प्रधानाध्यापक के मकान का खिड़की तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में पूर्व प्रधानाध्यापक बाबूलाल यादव ने नगर थाना में प्राथमिकी कराई है। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी सदस्य घर में अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। एक कमरा जिसमें कोई सदस्य नहीं सोया था, इस दौरान रात 12 बजे के बाद उस कमरे की खिड़की तोड़कर चोर घर में प्रवेश कर गए। रूम में रखे अलमीरा को तोड़कर लगभग 25 से 26 लाख का ज्वेलरी, 70 हजार नकद सहित औरतों का बहुमूल्य कपड़ा लेकर फरार हो गए। चोरी के दौरान चोरों ने चार से पांच सूटकेश को तोड़ कर घर के पीछे खेत में फेंक दिया था। खिड़की का ग्रील और जाली टूटा हुआ था। घटना की जानकारी सुबह उठने के बाद लगी। डायल 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है।

## प्रधानाध्यापक की गिरफ्तारी को ले छापेमारी

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के पोखरा पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मकतब के प्रधानाध्यापक नासीर अहमद द्वारा एचएम गुरुप पर %आई लव यू पाकिस्तान% पोस्ट करने के मामले में डीईओ राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रधानाध्यापक नासीर अहमद को निलंबित करने के बाद थाना में प्राथमिकी कर दी गई है। प्राथमिकी के बाद सबकी निगाहे अब पुलिस पर टीकी है कि उसे कब गिरफ्तार किया जाता है।

